# नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने किया एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण




**शाहजहाँपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने आज एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कचरे के ठोस प्रबंधन हेतु बनाए गए एमआरएफ सेंटर में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके उपरांत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर क्षेत्र के न्यू सिटी में अजीजगंज डैम से ककरा ककरा कुंड तक बन रहे पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया ।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता को देखा व संबंधित को निर्देशित किया कि चल रहे निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण के समय मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान एवं डीएफओ उपस्थित रहे।